भारत सरकार द्वारा विज्ञापनों के लिए मान्यता प्राप्त

आरएनआई पंजीयन RAJHIN/2016/72902
डाक पंजीयन RJ/ UD/ 29-150/ 2020-2022



# शब्द रंजन

संस्थापक एवं संरक्षक डॉ. महेन्द्र भानावत

विचार एवं जनसंवाद का पाक्षिक

वर्ष 6 | अंक 15 | उदयपुर रविवार 15 अगस्त 2021 | पेज 8 | मूल्य 5 रू.

## समय निराशा और निष्कर्ष का नहीं, उत्कंठा और उत्कर्ष का है

हमने आजादी के रजत से लेकर स्वर्ण, हीरक पड़ाव देखे, सदा ही हमें तंत्र ही हावी मिला। अब जब हम उसका अमृत महोत्सव मना रहे हैं, हम असली लोकतंत्र और उसमें लोक पर तंत्र को जकड़ा पाने की बजाय लोक के ही तंत्र का पारदर्शी रूप देख रहे हैं।

यह प्रसन्नता की बात है कि हमारे संविधान निर्माताओं ने जनता का, जनता द्वारा, जनता के लिए जिस संविधान की संकल्पना की उसकी सार्थक परिणति देर से ही सही पर अब देखने को मिल रही है।

पिछले दशकों में हमने भारतीय अतीत की गौरवगाथा का बखान बड़ी बुलन्दगी के साथ किया लेकिन जब हम उसे वर्तमान का पायदान नहीं दे पाये तो संकल्पों, इरादों और घोषणाओं के इतने पुलिंदे दिये कि उनके फाइलों में अंबार लग गये लिहाजा वे फाइलें उस बोझ के मारे पता नहीं किन रसातलों में जाकर ठण्डी हो गईं जो अब तक गरमास नहीं पा सकीं।

जब मस्तिष्क सोया रहता है तो सारे अंग निष्क्रिय हो जाते हैं। अब मस्तिष्क ऊर्जावान बना है तो शासन, प्रशासन के साथ जनाशन भी मुस्तैद हुआ है। अब फिर से यह तराना सुनाई दे रहा है–

गांव–गांव में जन–जन की आवाज है।
अपने ही घर में अब अपना राज है।।

लग रहा है अब दीया तले अंधेरा छंटता जारहा है। घर–घर अमृत का प्रसाद बंटता जारहा है। फ्रंटोदय की बजाय अन्त्योदय का उजास नजर आरहा है। आजादी के बाद का समय खयाली पुलावों का रचना समंदर ही बहाता रहा। कवियों ने तब लिखा– 'अन्दाजा रा बण्या आंकड़ा ही अन्दाज बतावे।' ऐसे उधेड़बुन के समय में राष्ट्रकवि मैथिलीशरण गुप्त ने चिंतामग्न परिस्थिति में लिखा– 'हम कौन थे? क्या होगये! और क्या होंगे अभी। आओ, विचारें! आज मिलकर ये समस्याएं सभी।।'

अतीत कभी भविष्य नहीं बांधता। इसके लिए हमें वर्तमान को ही आधार बनाना होगा। बड़ेरों ने तो इसीलिए हमें सीख दी थी– 'बीती ताहि बिसारिदे, आगे की सुध लेई।'

अब सबकुछ हमारा अपना है। हम अकलवाले देश के थे। विदेशी आक्रांताओं ने हमें पंगु बनाकर ठोक–पीटकर अपना सबकुछ थोपा तो हम नकलची बनने को मजबूर हुए। उसी तरह जैसे मदारी के इशारे पर बन्दर, भालू और शेर, चीते होते हमने देखे। अब वह दौर नहीं रहा। समय हमारे पक्ष में है। हमारी मुट्ठी में है।

एक वक्त था जब हमारे अपने सपने भी नहीं थे। भूले भटके कोई सपना आ भी जाता तो चारोंओर अंधेरे गुप्प से हम अपने को घिरे पाते थे। तब हमारे पास पगडण्डी भी सपाट नहीं थी। आज हमारे अपने सपने हैं। हमारा अपना सच है। हमारा अपना सत्व, अस्तित्व और अलादीन है। हमने अपनी समझदारी से एक सीधी राह, एक राह से दो राह, ति–राह, चौ–राह बनाई और समझ लिया कि अब आगे कोई राह नहीं बन सकती मगर सबका साथ लेकर सबका विश्वास पा छह राह और उससे आगे की राह बनाने का सोच लिये हैं।

अब 'सारे जहां से अच्छा हिन्दोस्तां हमारा' की रटन का पुराना ट्रेलर दिखाने से हम बड़े नहीं बन सकते। अपने अंचल में ही आनन्दीलाल बनने के आत्मसंतोषी जीवन का जमाना लद गया। हमारे सामने एक खुली विस्तृत सृष्टि का साकार परिदृश्य खुल पड़ा है। सब राष्ट्रों से हमारे कनेक्शन और कोन्ट्रेक्ट आवश्यक हैं। एक खुली नजर का विश्व मानचित्र हमें बुला रहा है।

'आओ देश बनायें' का नारा लटकाकर हमने धरती मां की कोख ही घोख कर दी। हमने मंगल देने वाले जंगल को रांकड़ बना दिया। जड़ी–बूंटियों को खरपतवार समझने की बेवकूफी कर डाली। विभूषित हुए पानी को डंगोल कर प्रदूषित कर दिया। हवा को हरावल से बेडोल कर दिया। अगन को गन में बांध दिया। 'चंदनम् न वने–वने' को पकड़–पकड़ कर करौंती बता दी। राष्ट्रीय पक्षी को पर विहीन कर दिया। पहले हम यहां आने वाले आक्रांताओं को कोसते रहे अब हमारे अपनों से ही बाध्यें आ रहे।

सब भूलो। जो हुआ सो हुआ। अब नया सूरज अमृत की किरणें लेकर आया है। बसंत संत के रूप में दरसन दे रहा है। छद्मवेशी अधर्माचार्यों, अमानुषों तथा पाखंडियों की पहचान हो रही है। परंपराएं नये रूप में प्रस्फूटित हो रही हैं। समय निराश और निष्कर्ष का नहीं अत्कंठा और उत्कर्ष का है।

**– म. भा.**



# Janardan Rai Nagar Rajasthan Vidyapeeth (Deemed-To-Be University)

# जनार्दन राय नागर राजस्थान विद्यापीठ (डीम्ड-टू-बी विश्वविद्यालय)

**GRADE 'A' ACCREDITED BY NAAC**

सरस्वती देवयन्ते हवन्ते

Pratap Nagar, Udaipur – 313001 (Raj.) Ph. & Fax : 0294-2492440, Email: admissions@jrnrvu.edu.in

## समस्त पाठ्यक्रम विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (UGC) से मान्यता प्राप्त





**ADMISSION OPEN - 2021-22**

### Manikyalal Verma Shramjeevi College

**Faculty of Social Sciences and Humanities : Ph. : 0294-2413029, 9829160606, 9413752492**

**B.A. :** English, Hindi, Sanskrit, History, Sociology. Geography. Economics. Political Science, Public Administration, Environmental Science, Jyotish, Music. **M.A. :** English, Hindi, Sanskrit, History, Sociology, Geography, Economics. Political Science, Music. **Diploma Courses:** Diploma in Music (Surmalhar), Diploma in Panchgavya, P.G. Diploma in G.I.S. and Remote Sensing, Bachelor of Journalism and Mass Communication. **Certificate Courses:** Spoken English, Proficiency in English and Communication Skills, Culture of Rajasthan, Research Methods and Data Analyst, Human Rights, Ph.D

**Faculty of Commerce : Ph. : 0294-2413029, 9460275655, 9460372183**

B.Com., B.B.A., M.Com, (Accounting, Business Administration), Master of NGO Management, PG Diploma in Training and Development **Certificate Courses:** Plastic Processing and Manufacturing Skills, Tally ERP 9.0. Goods and Service Tax (GST), Ph.D

**Faculty of Education- 9460693771**

B.A. B.Ed (Intergrated), B.Sc. B.Ed. (Intergrated) (4 Year Intergrated Course)

### Faculty of Science - Ph. 9461179656, 9461109371

**B.Sc.** (Physics, Mathematics, Chemistry, Statistics, Computer Science, Botany, Zoology, Biotechnology)
**M.Sc.** Chemistry (Inorganic, Organic, Physical, Industrial)
**M.Sc.** Mathematics, Physics, Botany, Zoology, Environmental Science. Statistics, Bioinformatics, Biotechnology, M.Tech Biotechnology. Ph.D.

### Faculty of Computer Science and Information Technology Ph. 2494227, 2494217, 9414737125

B.C.A., M.C.A., M.Sc.(CS), B.Sc. in Data Science, M.Tech CS, P.G.D.C.A., B.Voc in Software Development, DCA (Diploma in ComputerApplications), Ph.D.

### Department of Pharmacy, 9414869044

D. Pharma (Diploma in Pharmacy)

### Jyotish and Vastu Sansthan - 9460030605

M.A. (ज्योतिर्विज्ञान), **Diploma and Certificate Courses** in Astrology (ज्योतिष), Vastu (वास्तु), Palmispry (हस्तरेखा), Worship System (पूजा पद्धति), Rituals (कर्मकाण्ड). Vedic Culture (वैदिक संस्कार संस्कृति)

### Manikyalal Verma Sharmjeevi Evening College - 9414291018

B.A., B.A. Additional (All Subject), B.Com. M.Com (All Subjects), M.A. (All Subjects), M.A. (Education), M.Sc. (Psychology), B.Lib, M.Lib., B.Ed in Special Education (ID / HI), D.Ed in Special Education (H.I.), B.Ed. (V.I.), D.Ed (M.R.), PG Diploma in Guidance and Counseling, Diploma in Library Science

**Physical Education, Ph.: 9352500445**

M.A. in Yoga, M.A. in Physical Education, Diploma in Yoga, Diploma in Gym Instructor

### Department of Physical Education - 9829943205, 9352500445

Master of Physical Education, (M.P.Ed.), MA (Yoga Education)

### Department of Law - 9414343363, 9928246547

B.A.LL.B. (5 Year Integrated Course), LL.B. (3 Year Degree Course), LL.M. (2 Years), Ph.D., PG Diploma (1 Year Course) in Labour Law (PGDLL). Cyber Law (PGDCL), Law & Forensic Science (PGDLFS). Accountancy & Taxation (PGDLTA) and Intellectual Property Laws (PGDIPL).

### Faculty of Engineering - Rajasthan Vidyapeeth Technology College Ph. : 0294-2490210, 9829009878, 9950304204

**Diploma in Engineering -** Civil Engineering, Electrical Engineering, Mechanical Engineering. Electronics & Communication Engineering, Computer Science, **B.Tech** (Civil, Electrical, Mechanical. Electronics & Communication, Computer Science)

### Department of Physiotherapy - Ph. : 0294-2656271, 9414234293

Bachelor of Physiotherapy (B.P.T.). Master of Physiotherapy (M.P.T.). Master of Hospital Management. Fellowship in Palliative Care and Oncology Rehabilitation, Fellowship in Neurological Rehabilitation, MBA in Health Care Management. Fellowship in Geriatric Care and Rehabilitation, Ph.D

### Udaipur School of Social Work - Ph. 0294-2491809, 8118806319, 9829445889

Master of Social Work (MSW). PG Diploma in HRM, PG Diploma in CSR, Post Graduate Diploma in Rural Development (PGDRD), Ph.D.

### Directorate of Jan Shikshan and Extension - Ph. 2490723

Department of Women Studies, Maharana Kumbha Kala Kendra,
PG Diploma In Police Science and Criminology,
Lok Shikshan Pratishthan, Lok Shikshan Vibhag,
Community Centres. Janta College, Janpad Department

### Sahitya Sansthan (Institute of Rajasthan Studies) Ph. : 0294-2491054, 9416506826

M.A. in Ancient Indian Culture and Archaeology, Diploma in Archaeology, Ph.D.

### School of Agricultural Sciences, Dabok - 9460728763

B.Sc. (Hons.) Agriculture, B.Sc. (Agriculture),
M. Sc. (Ag.) in Horticulture, Agronomy, Plant Pathology, Plant Breeding and Genetics

### Lokmanya Tilak Teacher's Training College, Dabok

**Faculty of Education - Ph. : 0294-2655327, 2657753, 9414812900**

B.Ed.. M-Ed, B.A.-B.Ed. (Integrated), B.Sc.-B.Ed. (Integrated). B.Ed.-M.Ed (Integrated), B.Ed (Child Development), B.S.T.C., B.P. Ed., M.P.Ed., M.A. (Edu.), D.El. Ed., PG Diploma in Yoga, PG Diploma in Guidance and Counseling, Ph.D.

### Manikyalal Verma Shramjeevi Girls College, Dabok Ph. : 0294-2655327, 9460856658, 9694881447

B.A., B.Com., B.Sc., M.A. (English, Hindi, Sanskrit, Pol. Sc., History. Geography, Sociology, Economics), M.Com (Accountancy), Ph.D.,
Special Classes for English Speaking and Computer Basics.

### R.V. Homeopathic Medical College and Hospital, Dabok Ph. : 0294-2655974, 2655975, 09414156701, 09351343740

Bachelor of Homoeopathic Medicine and Surgery (BHMS),
MD (Hom.) Medicine / Pediatrics, B.A.M.S., Ph.D.

### Faculty of Management Studies (FMS) Ph. : 0294-2490632, 9461260408, 9782049628

B.B.A.. MBA (HR / Marketing / FM / Production Operation Management / IB / IT / Hotel Management / Disaster Management / Tourism Management), MHRM., Ph.D.

### Department of Travel, Tourism & Hospitality Faculty of Management Studies 9950489333

BBA (Tourism & Travel) Specialisation in Hospitality.
Diploma in Hotel Management (Food & Bevrage Service).
Diploma in Hotel Management (Housekeeping)

Note : For more information about the admission in various courses like minimum percentage, fee structure etc. please go through our website : www.jrnrvu.edu.in, respective prospectus or contact concerned department

REGISTRAR



100 Acre Lush Green Campus
500+ Faculty
10,000+ Students
24 Years of Excellence
PACIFIC UNIVERSITY
सिद्धिर्भवतु मे सर्वदा
PACIFIC UNIVERSITY
PLACEMENT HIGHLIGHTS
2020-21 1906+ OFFERS COMPANIES : 68
2019-20 2208+ OFFERS COMPANIES : 73
2018-19 2240+ OFFERS COMPANIES : 78
2017-18 2100+ OFFERS COMPANIES : 76
Academic Collaboration (National & International)
Best Placements
Quality Education
Value Added Certificate Courses
Paid internship, Industry Interaction with Training
• NSE Certified Capital Market Professional and many more interdisciplinary Programs
• Integrated Education with Visual Learning Online Classes • Indoor and outdoor Sports facilities • Transport • Hostel • ATM
• Artificial Intelligence • Data Analytics • 3D Printing • Business Analyst Certification • Social Media & Marketing • Cloud Computing
Sharpen your Skills
Introducing New Courses* with International Collaboration (2021-22)
● Certification course in Cruise Management in collaboration with Lyceum of the Philippines University, Laguna, Philippines.
● PG Diploma in Logistic & Supply Chain Management synchronized with Logistic Skill Council, Om Logistic Limited and ProfSkills4U LLP.
● BBA synchronized with CMA (Certified Management Accountant, USA).
● B.Com synchronized with ACCA (Association of Chartered Certified Accountants, UK).
● MBA synchronized with ACCA (Association of Chartered Certified Accountants, UK).
● B.Tech with Data Analytics & Artificial Intelligence recognized by IOA (Institute of Analytics, UK).
● BCA & MCA with PDNAIT (Professional Diploma in New Age IT) course recognized by IOA (Institute of Analytics, UK).
*100% Employable Courses
ADMISSION OPEN 2021-22
ENGINEERING (AICTE Approved)
B.Tech. : Artificial Intelligence/ Data Science & Analytics /Civil / Mechanical / Electrical / CSE / Mining
B.Tech (Lateral Entry)
M.Tech.
Mob. : 766 501 7791
POLYTECHNIC DIPLOMA (AICTE Approved)
Diploma : Civil / Mechanical / Electrical / Mining /CSE
Diploma (Lateral Entry)
Mob. : 953 036 0191
HOTEL MANAGEMENT (AICTE Approved)
Trade Diploma in Hotel Management
Diploma in Hotel Management
B.Sc. Hotel Management
Bachelor of Hotel Management & Catering Tech. (BHMCT)
Master of Tourism and Hotel Management (MTHM)
Mob. : 967 297 8016
AGRICULTURE
B.Sc. (Hons.) Agriculture
M.Sc. Agriculture
Mob. : 992 922 2551
MANAGEMENT (AICTE Approved)
MBA (Dual Specialization) | MBA (Executive)
MBA (Hospital Administration)
MBA Business Analytics
Mob. : 967 297 8034
DENTAL (DCI Approved)
B.D.S. | M.D.S.
Diploma in Dental Mechanic | Diploma in Dental Hygienist
Mob. : 766 501 7760
COMPUTER APPLICATION
BCA | MCA | MCA Lateral Entry | PGDCA | M.Sc.IT
Mob. : 958 789 2884
BASIC SCIENCE
(Free Coaching for Competitive Exams)
B.Sc. (Both Maths & Bio Group)
B.Sc. (Hons.) (Physics / Chemistry / Maths / Computer Sciences / Statistics / Botany / Zoology
M.Sc. (Physics/Chemistry/Computer Science/ Mathematical Sciences/Life Sciences)
Mob. : 766 501 7783
EDUCATION & PHYSICAL EDUCATION (NCTE Approved)
D.El.Ed. | B.Ed | MA (Education)
B.A.B.Ed. | B.Sc.B.Ed.
B.P.Ed. | M.P.Ed.
Mob. : 967 297 8033
YOGA
Diploma | PG Diploma | M.Sc. in Yoga | M.A. in Yoga
Mob. : 766 501 7752
SOCIAL SCIENCES AND HUMANITIES
B.A. | B.A. (Hons.)
(Free Coaching for Competitive Exams) like : IAS,RAS, RPSE, SSC, BANK PO, CDS, PSI, CONSTABLE, PATWARI & CLERICAL EXAMS)
M.A. | M.S.W.
Mob. : 9784235643
Library Science
D.LIB | B.LIB | M.LIB
Mob. : 766 501 7753
LAW (BCI Approved)
LL.B. | B.A. LL.B.
LL.M. (1 Yr.) | LL.M. (2 Yr.)
Free R.J.S. coaching & other tutorial classes
Mob. : 946 011 7336
COMMERCE
BBA : Global Business Management
B.Com / BBA (Synchronized with competitive exams)
B.Com with ACCA (UK), B.B.A. with CMA (USA)
B.Com (Hons)
M.Com
Mob. : 988 726 2020
Journalism and Mass Communication
BAJMC (BA Journalism and Mass Communication)
MAJMC (MA Journalism and Mass Communication)
Diploma in Journalism and Mass Communication
Mob. : 988 726 2020
DAIRY TECHNOLOGY
B.Tech. Dairy Technology
Mob. : 967 297 8063
PHARMACY (PCI & AICTE Approved)
B.Pharma | D.Pharma | M.Pharma
Mob. : 766 501 7717
FIRE AND SAFETY MANAGEMENT
B.Sc. : Fire & Industrial Safety Management
B.A. in Disaster Management
Diploma : Fire & Safety Management / Industrial Safety & Disaster Management /Health Safety & Environment
PG Diploma : Industrial Safety Management / Fire & Safety Management / Health, Safety & Environment
Mob. : 967 297 0953
FASHION TECHNOLOGY
Diploma : Fashion Designing / Jewellery Designing /Textile Designing / Interior Designing / Fine Arts & Graphics / Drama / Acting / Graphic Web Designing /Modelling / Animation / Accessory Designing / Event Management / Architecture
B.Sc. & M.Sc. : Fashion Designing / Interior Designing / Jewellery Designing / Textile Designing / Fine Arts & Graphics
MBA : Design Management / Fashion Designing / Textile Designing
RESEARCH & DOCTORATE
Ph.D. (In all the streams listed above)
Mob. : 967 297 8030
https://www.facebook.com/pacificuniversityofficial https://www.instagram.com/pacific_university/ https://www.youtube.com/user/PacificUdrUniversity
PACIFIC UNIVERSITY
Pacific Hills, Pratapnagar Extension, Airport Road, Debari, Udaipur - 313024
Ph: 0294-266500, 9672927863, 7665017785, 7665017787
Email : info@pacific-university.ac.in
Scan for Registration : www.pacific-university.ac.in

शब्द रंजन
उदयपुर, रविवार 15 अगस्त 2021

सम्पादकीय

# कोरोना काल में पत्रकारिता

कोरोना ने पूरे विश्व को विचलित कर दिया। महाप्रलय की बर्बादी की तरह कोरोना ने यों तो जीवन में प्रत्येक क्षेत्र में ही बर्बादी की अपनी दास्तां दी है। ऐसी स्थिति में पत्रकारिता का क्षेत्र भी अछूता नहीं रहा। संपादक-संवाददाता से लेकर इससे जुड़े अनेक व्यक्तियों ने अपनी जान जोखिम में रखकर अपने प्राण भी गंवाये। अनेक पत्र काल कवलित भी हुए जिस पर भी पत्रकारिता का दीया अबखाई की अंधेरी खाई में हाथ मारता, पांव पटकता हुआ भी अबूझ बना रहा।

पत्रकारिता का बाजार जार-जार हो गया। अखबार से कोरोना का संक्रमण फैलने के भय से अनेकों ने अखबार को सेनेटाईज करना शुरू कर दिया तो कइयों ने तो अखबार लेना ही बंद कर दिया। खबरों से अप्टुडेट रहने के शैकीन ऐसे भी देखे गये जिन्होंने मुंह पर मास्क-मुखौटा लगा अखबार की खबरें पढ़ीं।

लेकिन जिन अखबारों की पैठ रही या जिन प्रकाशकों, संपादकों ने अखबार की अहमियत समझ अपनी पैठ और पहचान यथावत रखते पत्रकारिता को एक मिशन की तरह जीवनधर्म समझा उन्होंने लाख मुसीबत उठाकर भी, आर्थिक मुसीबतों का महासंकट झेलते उसका दीया जलाये आराधनामय अलख जगाये रखी। आत्मा का उजाला उज्ज्वल किये रखा।

आकाशवाणी की एक परिसंवादात्मक गोष्ठी में मैंने यह संकेत देने में कोई गुरेज नहीं किया कि कुछ अखबारों ने आर्थिक प्रलोभन छोड़ते हुए घाटा उठाकर भी अपने अखबार को सही सलामत रखा। सरकार की चम्पी नहीं की परन्तु कुछ अखबारों ने कोरोना की ही खबरें धड़ाधड़ प्रस्तुत कर पाठकों को रस्ते चलते लगाकर भयभीत किये रखा।

एक समय था जब अखबार समाज को शिक्षित करते शुद्ध लिखने की चुपचाप सीख दिये रहते थे। बचपन में एक कविता भी हमारे कोर्स में थी, 'विद्या सीख-सीख सुधरांगा' और यह कहावत भी खूब चलती थी, 'घोखत विद्या खोदत पाणी' पर वही शिक्षा जो कंठ-प्रधान थी, श्रवण प्रधान थी अब देखते-देखते पठन-प्रधान और चक्षु-प्रधान हो गई है।

समय का पहिया कभी थमा हुआ नहीं रहता। सब कुछ बदल रहा है। ऐसे में अखबारों की भूमिका भी वह नहीं रही। अब न हिंदी अखबार शुद्ध हिंदी-दां रहे न अंग्रेजी अखबार ही। हिंदी अखबार अंग्रेजीमय हिंदी और अंग्रेजी अखबार हिंदीमय अंग्रेजी जिसे हंग्रेजी भी कहने लगे हैं, हुए जा रहे हैं तो कोई अचरज जैसी स्थिति नहीं है।

**स्वतंत्रता दिवस के अमृत महोत्सव पर शब्द रंजन के सभी विज्ञापनदाताओं, प्रबुद्ध पाठकों, संवाददाताओं तथा सहयोगियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं**

# प्रभारी मंत्री खाचरियावास ने फहराया राष्ट्रीय ध्वज



**उदयपुर (वि.)।** स्वाधीनता दिवस पर जिले के प्रभारी एवं परिवहन एवं सैनिक कल्याण विभागीय मंत्री प्रतापसिंह खाचरियावास ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया और आजादी के लिए बलिदान देने वाले वीर-वीरांगनाओं को नमन किया। उन्होंने कहा कि आज का दिन देश के लिए गौरव का दिन है और पूरे देश में उत्साह का माहौल है। इस दौरान प्रभारी मंत्री ने पुलिस की परेड का निरीक्षण किया। एडीएम (प्रशासन) ओ.पी. बुनकर ने माननीय राज्यपाल के संदेश का पठन किया। समारोह में उल्लेखनीय सेवाओं के लिए 57 व्यक्तियों व संस्थाओं को सम्मानित किया गया। इस मौके पर भारतीय लोककला मंडल के कलाकारों ने आकर्षक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं।

प्रभारी मंत्री ने शहीद लेफ्टिनेंट अभिनव नागौरी के पिता धर्मचन्द नागौरी का शॉल ओढ़ाकर का अभिनंदन किया। समारोह में महापौर गोविंदसिंह टाक, संभागीय आयुक्त राजेंद्र भट्ट, पुलिस महानिरीक्षक सत्यवीरसिंह, जिला कलेक्टर चेतन देवड़ा, पश्चिम क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र की निदेशक किरण सोनी गुप्ता, पूर्व सांसद रघुवीरसिंह मीणा सहित कई विशिष्टजन मौजूद थे।

## यहां भी हुआ ध्वजारोहण



हिन्दुस्तान जिंक लिमिटेड



नारायण सेवा संस्थान



अरावली कॉलेज ऑफ नर्सिंग

**हिन्दुस्तान जिंक** के प्रधान कार्यालय में स्वतंत्रता दिवस पर मुख्य अतिथि मुख्य कार्यकारी अधिकारी अरूण मिश्रा ने कर्मचारियों एवं उनके परिजनों की उपस्थिति में राष्ट्रीय ध्वज फहराया एवं सभी को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। इसके अलावा कंपनी की सभी इकाइयों में भी स्वतंत्रता दिवस धूमधाम से मनाया गया।

**नारायण सेवा संस्थान** में स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास से मनाया गया। मानव मंदिर परिसर में संस्थापक पद्मश्री कैलाश मानव, अंकुर कॉम्प्लेक्स में अध्यक्ष प्रशांत अग्रवाल तथा सेवाधाम में निदेशक वंदना अग्रवाल ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया। बड़ी व बलीचा के संस्थान परिसरों में भी राष्ट्रध्वज फहराया गया। महिम जैन ने कविता पाठ किया।

**अरावली कॉलेज ऑफ नर्सिंग** में मुख्य अतिथि राजसमंद विधायक श्रीमती दीप्ति किरण माहेश्वरी ने ध्वजारोहण किया। विशिष्ट अतिथि के रूप में इकराम कुरैशी, डॉ. तुक्तक भानावत, अनिल चतुर्वेदी उपस्थित थे।

**महाराणा मेवाड़ पब्लिक स्कूल** में स्वाधीनता दिवस पर विद्यालय के प्राचार्य संजय दत्ता ने ध्वजारोहण किया।

**गीतांजली यूनिवर्सिटी** में एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर अंकित अग्रवाल, प्रो. वाईस चांसलर डॉ. आर. के. नाहर, वाईस चांसलर डॉ. एफ. एस मेहता, डीन डॉ. नरेन्द्र मोगरा, मेडिकल सुप्रीटेनडेंट डॉ. सुनीता दशोत्तर तथा जीएमसीएच सीईओ प्रतीम तंबोली, डॉक्टर्स तथा अन्य स्टाफ की उपस्थिति में ध्वजारोहण किया गया। संचालन जीएम एचआरबीपी राजीव पांडेय ने किया।



नि:शुल्क नेत्र सेवा प्रकल्प
सोमवार से शनिवार तारा संस्थान
के नेत्र चिकित्सालय तारा नेत्रालय में नि:शुल्क
PHACO पद्धति द्वारा मोतियाबिन्द ऑपरेशन,
नेत्र परीक्षण एवं लेन्स प्रत्यारोपण तथा चश्मे के नम्बर
236, सेक्टर 6, हिरण मगरी (जे.बी. हॉस्पीटल के पास वाली गली),
उदयपुर - 313002 (राज.) भारत (+91) 9549399993, 9649399993

उदयपुर सहकारी उपभोक्ता थोक भण्डार लि.
शास्त्री सर्कल, उदयपुर (राज.) 313001



स्वाधीनता दिवस पर
भण्डार के सभी सदस्यों
एवं उपभोक्ताओं को
हार्दिक शुभकामनाएँ
एवं बधाई

(अश्विनी कुमार वशिष्ठ)
प्रकाशक

(आशुतोष भट्ट)
महाप्रबन्धक


NARAYAN SEVA SANSTHAN
Our Religion is Humanity
Since 1985





स्वतंत्रता दिवस के
शुभ अवसर पर
नारायण सेवा संस्थान
परिवार की ओर से
देशवासियों को
हार्दिक शुभकामनाएँ
हिरण मगरी, सेक्टर-4, उदयपुर (राज.) 313002
Tel.: +912946622222, +917023509999
Web : www.narayanseva.org
E-mail : info@narayanseva.org


पिछले 14 वर्षों से गीतांजली हॉस्पिटल आपके स्वास्थ्य का साथी
GMCH
GEETANJALI HOSPITAL
NABH
इमरजेंसी किसी भी समय आ सकती है...
सर्वसुविधायुक्त अस्पताल, कौशल विशेषज्ञ, सही निदान एवं उपचार बचा सकता है आपका अमूल्य जीवन!!
GEETANJALI
24x7 इमरजेन्सी केयर एवं ट्रोमा यूनिट
सभी इजरजेन्सी केयर स्टाफ ACLS व BLS प्रशिक्षित
पॉलीट्रोमा, हार्ट अटैक, स्ट्रोक एवं अन्य इमरजेंसी से सम्बंधित उपलब्ध सभी आवश्यक सुविधाएँ
क्रिटिकल केयर इंटेंसिविस्ट (Critical Care Intensivist)
डॉ. संजय पालीवाल
डॉ. निलेश भटनागर
डॉ. शुभकरन शर्मा
न्यूरोसर्जन (Neuro Surgeon)
डॉ. उदय भौमिक
डॉ. गोविन्द मंगल
ऑर्थोपेडिक सर्जन (Orthopaedic Surgeon)
डॉ. हरप्रीत सिंह
डॉ. रामावतार सैनी
जनरल सर्जन (General Surgeon)
डॉ. अजय चौहान
डॉ. पंकज सक्सेना
डॉ. संजीव अग्रवाल
प्लास्टिक एवं बर्न सर्जन (Plastic & Burns Surgeon)
डॉ. आशुतोष सोनी
ओरल एवं मैक्सिलो फेशियल सर्जन (Oral & Maxilo Facial Surgeon)
डॉ. निखिल वर्मा
डॉ. हार्वे थॉमस
24x7x365 सुविधाएं
ब्लड बैंक (Blood Bank)
156–बेडेड आई.सी.यू. (156 bedded ICU Facilities)
19 ऑपरेशन थिएटर (19 Operation Theatres)
एम.आर.आई. एवं सी.टी. स्कैन (MRI & CT Scan)
फार्मेसी (In-house Pharmacy)
पैथोलॉजी एवं रेडियोलॉजी जांच (Pathology & Radiology Investigations)
ADVANCED TECHNOLOGY FOR PRECISION IN TREATMENT BY EXPERTS
Linear Accelerator Elekta Vera HD SRS, SBRT, IGRT, VMAT, IMRT, 3D CRT
3 Tesla MRI Air Coil Technology
1.5 Tesla MRI Magnetom Avanto
CT Scan Machine GE Revolution Frontier 256-Slice System
4D CT Scan GE Optima 16- Slice System
Cardiac Interventional Cath Lab
Neuro Interventional Cath Lab
• आयुष्मान भारत–महात्मा गांधी राजस्थान स्वास्थ्य बीमा योजना (AB-MGRSBY) • मुख्यमंत्री चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना (MMCSBY) • भूतपूर्व सैनिक अंशदायी स्वास्थ्य योजना (ECHS) • कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ESIC) • उत्तर पश्चिमी रेलवे (NWR) • हिंदुस्तान जिंक लिमिटेड (HZL) • स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया (SBI) • भारत संचार निगम लिमिटेड (BSNL) • भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (AAI) • राजस्थान राज्य खान एवं खनिज लिमिटेड (RSMM) • भारतीय खाद्य निगम (FCI) • सभी महत्वपूर्ण टी.पी.ए. (TPA) व इन्श्योरेन्स से अधिकृत है।
गीतांजली मेडिकल कॉलेज एण्ड हॉस्पिटल
नेशनल हाईवे-8 बायपास, एकलिंगपुरा चौराहा के पास, उदयपुर (राज.)
+91 294 250 0044 | +91 800 309 8718
+91 979 982 5222 | +91 800 309 0938 | +91 97840 00127


सभी देशवासियों को
75 वें स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएँ
जय हिंद
75 आज़ादी का अमृत महोत्सव
सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय भारत सरकार
"देश की आज़ादी का अमृत महोत्सव कोटि-कोटि भारतवासियों का पर्व है, जिसमें पूरे भारत की परंपरा भी है, स्वाधीनता संग्राम की परछाई भी है और आज़ाद भारत की गौरवान्वित करने वाली प्रगति भी है। यह आयोजन हमारे इन 75 वर्षों की उपलब्धियों को दुनिया के सामने रखने का और अगले 25 वर्षों के विकास की रूपरेखा और संकल्प के लिए प्रेरणा लेने का अवसर है।"
- नरेन्द्र मोदी
davp 22201/13/0013/2122
कण-कण में, हर धड़कन में... पहले देश
लाल किले की प्राचीर से स्वतंत्रता दिवस समारोह का प्रात:6:25 बजे से दूरदर्शन द्वारा सीधा प्रसारण
#AmritMahotsav
क्यूआर कोड स्कैन करें और आज़ादी के अमृत महोत्सव में भाग लें

## बाजार / समाचार

# कार्तिकेयन जेके टायर के ब्रांड एंबेसडर

**उदयपुर (वि.)।** जेके टायर एण्ड इण्डस्ट्रीज लि. ने पद्मश्री से सम्मानित एवं भारत के पहले फॉरमूला वन ड्राइवर नारायण कार्तिकेयन को अपना ब्राण्ड एम्बेसेडर नियुक्त किया है। जेके टायर एण्ड इण्डस्ट्री के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक डॉ. रघुपति सिंघानिया ने कहा कि नारायण कार्तिकेयन के जेके टायर ब्राण्ड का प्रतिनिधित्व करने पर हमें प्रसन्नता है। उनके गूढ़ व्यक्तित्व के साथ, हम अधिक दृश्यता का निर्माण करते हुए ब्रांड को और बढ़ाने और मजबूत करने की उम्मीद करते हैं। कार्तिकेयन ने कहा कि मुझे जेके टायर ब्रांड के साथ जुड़ने पर गर्व है। जेके टायर ने अतीत में बेहतरीन उत्पाद और सेवाएं देने की अपनी अटूट प्रतिबद्धता के साथ महान मील के पत्थर हासिल किए हैं।



# सीग्रैम्स 100 पाइपर्स 1 मिलियन केसेस की बिक्री करने वाला स्कॉच ब्रांड बना

उदयपुर (वि.)। सीग्रैम्स 100 पाइपर्स जुलाई 2020 से जून 2021 तक, भारत में दो बार 1 मिलियन से ज्यादा केसेस का आंकड़ा पार करने वाला पहला स्कॉच ब्रांड बन गया है। पर्नोड रिकार्ड इंडिया के चीफ मार्केटिंग ऑफिसर कार्तिक मोहिन्द्रा ने कहा कि यह इस बात की पुष्टि करती है कि भारत के समझदार स्कॉच प्रेमियों के लिये 'उम्र मायने रखती' है। स्कॉच व्हिस्की के बाजार पर हावी होने का दावा करते हुए, ब्रांड ने हाल ही में एक नया वैरियेंट '100 पाइपर्स ब्लेंडेड माल्ट स्कॉच, एज्ड 8 ईयर्स' लॉन्च किया था। यह स्टैण्डर्ड स्कॉच कैटेगरी में पहली और एकमात्र '100 प्रतिशत माल्ट' स्कॉच है, और 100 पाइपर्स द्वारा माहौल को बदल देने वाला इनोवेशन है।

# द शोकेस के दूसरे एडिशन से उठाया पर्दा

**उदयपुर (वि.)।** फैशन और डिजाइन की दुनिया में प्रतिष्ठित ब्लेंडर्स प्राइड फैशन टूर ने फैशन डिजाइन काउंसिल ऑफ इंडिया (एफडीसीआई) के साथ द शोकेस के दूसरे एडिशन से पर्दा उठाया है। इस ईवेंट का उद्देश्य नई प्रतिभाओं को उभारना और उन्हें बेहतर अवसर प्रदान करना है। पर्नोड रिकार्ड इंडिया के चीफ मार्केटिंग ऑफिसर कार्तिक मोहिंद्रा ने कहा कि द शोकेस को फैशन डिजाइनर्स, शटरबग्स, मॉडल और कंटेंट क्रिएटर्स जैसी सभी चार श्रेणियों में नई प्रतिभाओं को खोजने के लिए भारत का अग्रणी प्लेटफॉर्म बनाने के उद्देश्य से शुरू किया गया है।

# कलाकारों के लिए कथक नृत्यागंना श्लोका का अनुकरणीय कदम

**उदयपुर (वि.)।** पेसिफिक मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल और कला आश्रम कालेज ऑफ परफार्म एवं आर्ट्स् के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय नृत्य प्रतियोगिता 'उड़ान-2021' में देश-विदेश के 24 से ज्यादा प्रतिभागियों ने वर्चुअल माध्यम से अपनी कला का पूरे जोश और उत्साह के साथ प्रदर्शन किया। कोराना संकट के कारण उत्पन्न सभी चुनौतियों और भावनात्मक उथल-पुथल के बीच, उदयपुर सहित देश-विदेश के कलाकारों में सकारात्मक शक्ति भरने और सभी को साहस के साथ आगे बढ़ने के लिए कथक नृत्यांगना श्लोका ने सोशल मिडिया के माध्यम से कलाकारों को उचित मंच उपलब्ध कराया। डॉ. सरोज शर्मा ने बताया कि तीन चरणों में आयोजित यह प्रतियोगिता शास्त्रीय नृत्य-उस्तादों के एक विशेषज्ञ वैश्विक पैनल के नेतृत्व में की गई। प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विजेताओं को क्रमशः इक्कीस हजार, ग्यारह हजार एवं पांच हजार रुपये की राशि पुरस्कार स्वरूप प्रदान करने के साथ ही उनके नृत्य गुरुओं को एक विशेष पुरस्कार से नवाजा गया। इस अवसर पर पेसिफिक मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल के चैयरमेन प्रख्यात शिक्षा-समाजसेवी राहुल अग्रवाल ने 11 लाख रूपये कोविड-19 रिलीफ फंड में भेंट दिए।




# सांई तिरूपति विवि में वृक्षारोपण

**उदयपुर (वि.)।** सांई तिरूपति विश्वविद्यालय परिसर में 75वें स्वतंत्रता दिवस पर राज्य सरकार के हरित राजस्थान कार्यक्रम के तहत 51 औषधीय पौधों का रोपण किया गया। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय एवं संघटक महाविद्यालयों के चेयरपर्सन आशीष अग्रवाल, शीतल अग्रवाल, प्रेसिडेंट डॉ. इंद्रजीत सिंघवी, देवेन्द्र जैन, कुलसचिव उपस्थित थे। डॉ. सिंघवी ने बताया कि सभी पौधों की देखभाल सुनिश्चित करने के लिए विश्वविद्यालय के सभी विभागों को 10-10 पौधों की जिम्मेदारी दी गई है।



# प्रो. सारंगदेवोत ग्लोबल एक्सीलेंस अवार्ड से सम्मानित

**उदयपुर (ह. सं.)।** ग्लोबल चेम्बर ऑफ कंज्यूमर राईट्स बैंगलोर द्वारा जनार्दनराय नागर राजस्थान विद्यापीठ विश्वविद्यालय उदयपुर के कुलपति प्रो. एस. एस. सारंगदेवोत को शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय अवदान तथा शिक्षा गुणवत्ता में वृद्धि, क्वालिटी टीचिंग एंड रिसर्च के लिए ग्लोबल एक्सीलेंस अवार्ड से नवाजा गया। प्रो. सारंगदेवोत ने कहा कि विद्यार्थी शिक्षा के साथ-साथ एन.एस.एस., एन.सी.सी. जैसी अन्य गतिविधियों में भी भाग लें ताकि उनका सर्वांगीण विकास हो सके। आज की युवा पीढ़ी को अपने अधिकारों के साथ-साथ कर्त्तव्यों के प्रति भी सजग रहना चाहिए।



# जेके टायर की आय में 130 प्रतिशत की वृद्धि

**उदयपुर (वि.)।** जेके टायर एण्ड इण्डस्ट्रीज लि. (जेके टायर) ने वित्तीय वर्ष 2021-21 की पहली तिमाही के दौरान शानदार परिणाम पेश करते हुए 2618 करोड़ रूपये की शुद्ध आय पर कर पश्चात 44 करोड़ रूपये का लाभ दर्शाया है। कम्पनी द्वारा अर्जित 2618 करोड़ रूपये की आय 130 प्रतिशत ज्यादा है। वर्ष दर वर्ष पर एबिडिटा भी महत्वपूर्ण वृद्धि के साथ 289 करोड़ रूपये के हो गये। उक्त तिमाही में कर पूर्व लाभ 75 करोड़ रूपये का एवं कर पश्चात लाभ 44 करोड़ रूपये का रहा है। अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक डॉ. रघुपति सिंघानिया ने कहा कि बाजार में आई चुनौतियों के बावजूद हमने आय एवं लाभप्रदता में उत्साहजनक विकास दर हासिल की।

# वृद्ध को मिली हृदय की समस्या से निजात

**उदयपुर (वि.)।** पेसिफिक इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज (पिम्स) हॉस्पिटल, उमरड़ा में चिकित्सकों ने 80 वर्षीय वृद्ध को हृदय की गंभीर समस्या से निजात दिलाई है।

पिम्स के चैयरमेन आशीष अग्रवाल ने बताया कि केवड़ा खुर्द निवासी 80 वर्षीय वृद्ध को सीने में तेज दर्द, श्वांस फूलने की समस्या के चलते पिम्स हॉस्पिटल, उमरड़ा में भर्ती कराया गया। जांच में पता चला कि मरीज की हृदय गति धीमी, ब्लडप्रेशर कम और मेजर हार्ट अटैक है। इस पर इंटरवेंशनल कार्डियोलिस्ट डॉ. महेश जैन ने मरीज की प्राइमरी एंजियोप्लास्टी कर हृदय में टेम्परेरी पेसमेकर लगाया जिससे मरीज के स्वास्थ्य में सुधार होने लगा। तीन दिन बाद टेम्परेरी पेसमेकर निकालकर मरीज को डिस्चार्ज कर दिया गया। ऑपरेशन में डॉ. महेश जैन के साथ नॉन-इनवेसिव कार्डियोलॉजिस्ट डॉ. उमेश तथा निश्चेतना विभाग के डॉ. विपिन सिसोदिया की महत्त्वपूर्ण भूमिका रही।



# गीतांजली हॉस्पिटल में हुआ घुलने वाले स्टेंट से हार्ट ब्लॉकेज का उपचार

**उदयपुर (वि.)।** गीतांजली मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल ने अत्याधुनिक बायोरिसोर्बेबल वैस्क्यूलर स्टेंट्स का प्रत्यारोपण कर 62 वर्षीय गंभीर हृदय रोगी का सफल उपचार किया है। यह स्टेंट लगभग तीन साल में शरीर में घुल जाता है। कम उम्र के हृदय रोगियों के लिए यह अच्छा उपचार विकल्प साबित हो सकता है। नवीनतम तकनीक का उपयोग कर कार्डियोलॉजिस्ट डॉ. रमेश पटेल, डॉ. कपिल भार्गव, डॉ. डैनी मंगलानी व टीम ने यह सफलतम प्रोसिजर किया है।

डॉ. पटेल ने बताया कि 62 वर्षीय रोगी को छाती में दर्द पर अस्पताल लाया गया। एंजियोग्राफी में हार्ट में ब्लोकेज का पता लगा। रोगी की उम्र, सुरक्षा और सफलता को ध्यान में रखते हुए उन्हें बायोरिसोर्बेबल स्टेंट लगाया गया। अभी मरीज पूरी तरह से स्वस्थ है। पूरा प्रोसिजर एंजियोप्लास्टी कोरोनरी इमेजिंग (आई. वी. यू. एस) की सहायता से किया गया जिसमें पैर या हाथ की नस के माध्यम से ब्लॉकेज को खोला जाता है।



# स्कॉडा ऑटो की बिक्री 234 प्रतिशत बढ़ी

**उदयपुर (वि.)।** स्कॉडा ऑटो, एक प्रमुख चेक ऑटोमोबाइल कंपनी ने जुलाई 2021 में अपने सेल्स में 234 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की। ज़ैक हॉलिस, ब्रांड डायरेक्टर स्कॉडा ऑटो इंडिया ने कहा कि जुलाई 2020 में कुल 922 कारों की बिक्री की तुलना में, कंपनी ने जुलाई 2021 में 3,080 कारों की बिक्री कर यह महत्त्वपूर्ण वृद्धि दर्ज की है।


जे.के.टायर एण्ड इण्डस्ट्रीज लिमिटेड
जेकेग्राम, कांकरोली (राज.)

स्वाधीनता दिवस
के शुभ अवसर पर हार्दिक शुभकामनाएं

JK TYRE & INDUSTRIES LTD.
Superbrand

# मृत्यु का आभास देती 101 वर्षीय अलभ्य मौत

**कानोड़ ( ह. सं. )।** उदयपुर जिले की शिक्षा नगरी के रूप में प्रसिद्ध कानोड़ में 101 वर्षीय शोभालालजी व्यास की अलभ्य मौत सैंकड़ों में बमुश्किल एकआध मौत होगी। 3 जुलाई 2021, रात्रि को साढ़ा नौ बजे मृतक शोभालालजी को पक्का पूर्वाभास हो गया था।



उदयपुर में रह रहे कठपुतली तथा कच्छीघोड़ी नर्तक जयप्रकाश व्यास ने बताया कि शोभालालजी उनके पिताश्री गिरजालालजी के काकाश्री थे। वे हलवाई के रूप में दूर-दूर तक नामवरी लिये थे। खासकर जैनियों की लम्बी रेलतीर्थ यात्रा में वे सदैव जाते रहे।

बासा शोभालालजी ने मृत्यु से सप्ताह भर पहले ही परिवार वालों को बुलाकर कह दिया था कि पोते की शादी करानी हो तो देर मत करना। मैं अब अधिक दिन का मेहमान नहीं हूं पर उसकी शादी में कोई रोड़ा नहीं आये सो फटाफट यह काम मेरे रहते निपटा लो। यह सोच पोते की शादी तै कर विवाह रचाया। बारात सकुशल लौट आई। 3 जुलाई को उन्होंने वर-वधू को आशिष दी और रात्रि को कहा कि पोते का ब्याह हो गया है सो अब मैं जा रहा हूं। सब मौज मजे से रहना और गिरजालाल (89) तू मेरे परिवार की देखभाल करते रहना।

यह कहते ही जयप्रकाश बोले, बासा आपका एक फोटू खींचना चाहता हूं सो वे ठीक से उठ बैठे। मैंने उनका फोटू लिया और वे हाथ का इशारा कर चल बसे। उस समय रात्रि को साढ़ा नौ बजे थे। उन्होंने बताया कि बासा कभी बीमार नहीं हुए। वे नमक की चाय के शौकीन थे और चूना मिश्रित तमाखु खाते थे।

अन्तिम समय भी उन्होंने तमाखु बनवाई थी। एक तो सौ वर्ष पूरे करना और फिर कभी बीमार नहीं होना तथा मृत्यु का पूर्व आभास होना जैसी घटनाएं असाधारण ही कही जायेंगी। भगवान सबको ऐसी मौत दे।

# अरूण जोशी अतिरिक्त निदेशक बने



**जयपुर ( सुजस )।** सूचना एवं जनसम्पर्क सेवा के वरिष्ठ अधिकारी अरूण जोशी ने गत दिनों अतिरिक्त निदेशक जनसम्पर्क का पदभार ग्रहण कर लिया। श्री जोशी इससे पूर्व राज्यपाल, मुख्यमंत्री कार्यालय, विधानसभा, जयपुर विकास प्राधिकारण, निर्वाचन विभाग, विद्युत विभाग में अपनी सेवाएं दे चुके हैं। माणक अलंकरण से पुरस्कृत श्री जोशी को उत्कृष्ट एवं अनुकरणीय सेवाओं के लिए राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री द्वारा भी सम्मानित किया जा चुका है।

# काव्या को एल.एल.बी. की उपाधि



**उदयपुर ( ह. सं. )।** डॉ. कहानी-जितेन्द्र मेहता की आत्मजा काव्या ने निरमा यूनिवर्सिटी अहमदाबाद से बी.कॉम एल.एल.बी. ऑनर्स परीक्षा 8.27 सी.जी.ए.पी. से उत्तीर्ण की है। शनिवार 31 जुलाई 2021 को कॉलेज द्वारा आयोजित दीक्षान्त समारोह में काव्या को उपाधि प्रदान की गई। उसके पश्चात काव्या ने राजीव गांधी नेशलन यूनिवर्सिटी ऑफ लॉ, पटियाला से ऑनलाइन एल.एल.एम. की परीक्षा दी जिसका परिणाम आना शेष है। काव्या ने बताया कि उसकी छोटी बहिन युक्ता ने मोदी यूनिवर्सिटी लक्ष्मणगढ़ से बी. टेक किया है।

# मार्क्सवादी आलोचक प्रो. नवलकिशोर की स्मृतिसभा

प्रख्यात साहित्यकार और आलोचक प्रो. नवलकिशोर के 16 मई को हुए असामयिक निधन पर राजस्थान साहित्य अकादमी, उदयपुर के सभागार में नगर के साहित्यकारों की ओर से स्मृतिसभा का आयोजन किया गया। मानववादी आलोचक प्रो. नवलकिशोर की आलोचकीय दृष्टि का परिचय देते हुए प्रो. कृष्णकुमार शर्मा ने कहा कि वे मार्क्सवादी आलोचक तो थे किन्तु एक गहन विश्लेषण क्षमता वाले पाठक भी थे। हमने एक ईमानदार साहित्यकार को खोया है।



स्मरणसभा में डॉ. सदाशिव श्रोत्रिय ने प्रो. नवलकिशोर के अवदान को रेखांकित करते हुए कहा कि वे साहित्य अनुरागी थे तथा उन्होंने हिन्दी आलोचना को नए मान और मूल्य भी दिए। डॉ. बालमुकुन्द नंदवाना ने हिन्दी कथा-आलोचना में नवलजी के योगदान की चर्चा की। प्रो. मलय पानेरी ने प्रो. नवलकिशोर की आलोचना पद्धति पर चर्चा करते हुए कहा कि नवलजी की आलोचना में हमें मार्क्स, सार्त्र और गांधी के दर्शन का समन्वय दिखाई देता है। डॉ. हुसैनी बोहरा ने कहा कि वे सादगी और सरलता के प्रतीक थे। इस अवसर पर डॉ. इन्द्रप्रकाश श्रीमाली, डॉ. मंजू चतुर्वेदी और डॉ. राजनी कुलश्रेष्ठ ने भी अपने विचार साझा किये। **-प्रो. मलय पानेरी**

# आमिर को जार द्वारा 11 हजार का चिकित्सा सहयोग



**उदयपुर ( का. सं. )।** जर्नलिस्ट एसोसिएशन ऑफ राजस्थान (जार) की उदयपुर इकाई की ओर से गुरूवार को जार सदस्य आमिर मोहम्मद शेख को 11 हजार रूपये की आर्थिक चिकित्सा सहायता प्रदान की गई।

आमिर गत तीन वर्षों से मस्सा (पाईल्स) की बीमारी से पीड़ित थे। अस्पताल में जांच के दौरान सर्जरी की आवश्यकता बताने पर ऑपरेशन करवाया गया लेकिन उपचार लम्बा चलने से उन्हें आर्थिक समस्या आ गई। आमिर को जार उदयपुर की ओर से प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य भूपेन्द्रकुमार चौबीसा, महासचिव अल्पेश लोढ़ा, उपाध्यक्ष भूपेश दाधीच ने अध्यक्ष अजयकुमार आचार्य की उपस्थिति में 11 हजार रूपये का चैक प्रदान किया। जिलाध्यक्ष आचार्य ने कहा कि जर्नलिस्ट एसोसिएशन ऑफ राजस्थान (जार) सदैव पत्रकारों के हितार्थ कार्य करने के लिये प्रतिबद्ध रहा है। भविष्य में भी आवश्यकता होने पर जार अपने पत्रकार साथियों की मेडिकल सहायता के लिये प्रयासरत रहेगा। इस अवसर पर जार के मुख्य संरक्षक डॉ. तुक्तक भानावत, डॉ. रवि शर्मा, विपिन गांधी, आनन्द शर्मा, राजेन्द्र हिलोरिया, अनिल जैन आदि उपस्थित थे।

# मीरां के भजनों को पुनर्जीवित करने की जरूरत : प्रो. सारंगदेवोत
## संस्कृति के हनन से अपराधों की बढ़त : चेतना भाटी
## मीरां अपने काव्य में भक्ति, संगीत और दर्द की दीवानी : प्रो. मेहता

**उदयपुर ( ह. सं. )।** जनार्दनराय नागर राजस्थान विद्यापीठ विश्वविद्यालय के मीरां अध्ययन एवं शोधपीठ की ओर से 'मीरां से सम्बंधित किंवदंतियां और सत्यता' विषय पर आयोजित संगोष्ठी में अध्यक्ष पद से बोलते हुए कुलपति प्रो. एस. एस. सारंगदेवोत ने कहा कि मीरां के अलौकिक व्यक्तित्व के विभिन्न पहलुओं को लेकर अभी बहुत कुछ जानने की आवश्यकता है। इसके साथ ही विभिन्न जातियों में तथा धर्मस्थानों एवं तीर्थों में उनके भजनों की जो परंपरा देखने को मिलती है उसे ठीक से पुनर्जीवित करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि मीरां ने साधना का नया वेदांत दिया। उसका जीवन यह बोध कराता है कि हमें परिस्थितियों से संघर्ष करते रहना चाहिए।

भारतीय चरित्र निर्माण संस्थान नई दिल्ली के संस्थापक अध्यक्ष रामकृष्ण गोस्वामी ने कहा कि शिक्षक को कृष्ण की तरह होना चाहिए जो इच्छानुसार निर्णय करने की प्रेरणा देता है। पुलिस उप अधीक्षक चेतना भाटी ने कहा कि 500 साल पहले मीरां ने मानवाधिकार, वर्गभेद, वर्णभेद, पर्दाप्रथा आदि बुराइयों का विरोध किया जिसे आज हम लागू करवाने की बात कर रहे हैं। वह राजभवन से पर्दाप्रथा से बाहर आयी पर पर्दाप्रथा आज भी है। सच तो यह है कि आज हमारी संस्कृति का हनन हो रहा है इसीलिए अपराध बढ़ रहे हैं। हमारी संस्कृति और सभ्यता ने हमें कभी यह नहीं कहा कि अपराध करो। हम अधिकारों की बात तो करते हैं लेकिन जहां सवाल हमारी संस्कृति व सभ्यता का आता है हम अपने कर्त्तव्य को भूल अपने अतीत की समृद्धि की बात करते अभिभूत हो जाते हैं।

पीजी डीन प्रो. जीएम मेहता ने कहा कि भक्ति आंदोलन में मीरां पीड़ा की साक्षात प्रतिभूति थी। उसी पीड़ा से मीरां के काव्य में संगीत और लय का प्रवाह देखने को मिलता है। उन्होंने बताया कि कुलपति प्रो. सारंगदेवोत ने मीरां पीठ के लिए अपने स्वयं की ओर एक लाख रूपये देने की घोषणा की। मीरां पीठ के मानद निदेशक प्रो. कल्याणसिंह शेखावत ने कहा कि लोकनिधि के रूप में मीरां की व्याप्ति देश-देशांतर में लगातार प्रवहमान है। इसी के चलते यूरोप के 47 विश्वविद्यालयों में मीरां पर शोधकार्य हो रहा है। संगोष्ठी में डॉ. हेमशंकर दाधीच, शंकरसिंह खंगारोत, प्रो. मनीष श्रीमाली, डॉ. आशीष नन्दवाना, डॉ. धमेन्द्र राजौरा, डॉ. कुलशेखर व्यास, डॉ. हरीश शर्मा, डॉ. घनश्यामसिंह भीण्डर, कृष्णकांत कुमावत सहित अनेक शोधार्थी उपस्थित थे। धन्यवाद रीना मेनारिया तथा आभार डॉ. उग्रसेन राव ने ज्ञापित किया।

# राजकीय वृद्धाधाम में वृक्षारोपण

**उदयपुर ( वि. )।** तारा संस्थान और जियो साइंटिस्ट्स सोसायटी ऑफ राजस्थान के संयुक्त तत्वावधान में बलीचा स्थित राजकीय वृद्धाश्रम में वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। अध्यक्षता करते हुए माइन्स एण्ड जियोलॉजी के पूर्व अतिरिक्त निदेशक सुरेन्द्रचन्द्र अग्रवाल ने कहा कि हर व्यक्ति के जीवन में वृद्धावस्था का पल आता है जिसे हमें कुशलतापूर्वक प्रसन्नचित रहकर व्यतीत करना चाहिए।



तारा संस्थान की अध्यक्ष एवं संस्थापक कल्पना गोयल ने कहा कि यह गर्व की बात है कि आपने वृक्षारोपण हेतु वृद्धाश्रम का चयन किया। सभी को मेरी ओर से धन्यवाद। इस दौरान जियो साइंटिस्ट्स सोसायटी के ओंकारसिंह सिरोया, सुनील वशिष्ठ, महेन्द्रकुमार सोमानी, बी. एस. यादव, डी. एस. मेहता, एन. एस. खमेसरा, एन. के. कावडिया तथा अरुण मालू ने भी विचार रखे। इस अवसर पर वृद्धाश्रम परिसर में नीम, पीपल गुलमोहर सहित अन्य कई प्रकार के वृक्षों का रोपण किया गया। तारा संस्थान के मुख्यकारी दीपेश मित्तल ने संस्थान की गतिविधियों की जानकारी दी। धन्यवाद जनसंपर्क निदेशक विजयसिंह चौहान ने ज्ञापित किया।

# आईएसडीसी व जेईसीआरसी में समझौता

**उदयपुर ( वि. )।** ब्रिटिश शिक्षा और स्किल्स उपलब्ध कराने वाले अग्रणी अंतर्राष्ट्रीय संस्थान आईएसडीसी (इंटरनेशनल स्किल डेवपलमेंट कार्पोरेशन) ने सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (सीओई) की स्थापना के लिए अग्रणी निजी विश्वविद्यालय जेईसीआरसी यूनिवर्सिटी जयपुर से समझौता किया है।

आईएसडीसी के डायरेक्टर-स्टेटेजी एंड डेवलपमेंट टॉम जोसेफ ने कहा कि इस सीओई में विभिन्न तरह के अंडरग्रेजुएट और पोस्टग्रेजुएट कोर्स कराए जाएंगे। आईसीओई की स्थापना छात्रों को ऐसे वैश्विक अकादमिक विषयों और सर्टिफिकेशंस की सम्पूर्ण जानकारी देने और उनसे परिचित कराने के लिए की गई है जो उन्हें दूसरों से अलग खड़ा करेंगे और उनमें नेतृत्व की विशेषताएं विकसित कर उन्हें आत्मनिर्भर नेतृत्वकर्ता बनाएंगे। आईसीओई के जरिए जेईसीआरसी यूनिवर्सिटी के छात्र उद्योगों से सीधे तौर पर जुड़े हुए प्रेक्टिकल और इंटीग्रेटेड पाठ्यक्रमों से जुड़ सकेंगे और उन्हें ऐसी वैश्विक योग्यता मिलेगी जो उन्हें आगे शिक्षा और रोजगार प्राप्त करने में सहायता करेगी।

# SAI TIRUPATI UNIVERSITY

(Established by the Rajasthan State Legislative Assembly under Sec. 2(f) of UGC Act 1956.)

## ADMISSIONS OPEN 2021-22

### B. Pharm. (Approved by PCI)

Duration : 4 years

Eligibility : 10+2 Science (Biology/Maths)

B. Pharm Lateral Entry (3 Years)

Eligibility : D.Pharm

VENKATESHWAR INSTITUTE OF PHARMACY

### PhD.

Anatomy, Biochemistry, Microbiology, Pharmacology, Physiology, Nursing

Duration : Minimum 3 years

Eligibility: Post Graduation in Relevant Stream with 55% for General and 50% for candidate belongs to SC/ST/OBC (non-creamy layer)

9587890082, 93588 83194

### BPT

Duration : 4 Years + 6 Months Intern.

Eligibility : 10+2 (Science Biology 50% )

### MPT

(Orthopedics / Neurology / Sports /Cardiothoracic / Pediatrics )

Duration : 2 Years | Eligibility : BPT

VENKTESHWAR COLLEGE OF PHYSIOTHERAPY

### M.Sc. ( Medical Sciences)

Anatomy, Biochemistry, Microbiology, Pharmacology, Physiology

Duration : 3 years

Eligibility: B.P.T., B.Sc.(Medical), B.Sc., BHMS,BAMS, BDS, MBBS, B.Sc.(Biotech), B.Pharma

PACIFIC INSTITUTE OF MEDICAL SCIENCES

### MBA ( Hospital Administration)

Duration : 2 years

Eligibility: Graduation (Any stream)

80057 87638

## VENKTESHWAR INSTITUTE OF FASHION TECHNOLOGY & MASS COMMUNICATION



### DIPLOMA

( Fashion Design | Textile Design | Interior Design | Fine Arts Jewellery Design | Event Management | Graphics Design )

Duration: 1 Year | Eligibility: 10th Pass

### ADVANCE DIPLOMA

( Fashion Design | Textile Design Interior Design |Fine Arts )

Duration: 2 Years | Eligibility: 10+2 (Any Stream)

9672978017, 9672978038

### B. Sc.

( Fashion Design | Textile Design | Interior Design |Fine Arts )

Duration: 3 Years | Eligibility: 10+2 (Any Stream)

### M. Sc.

(Fashion Design )

Duration: 2 Years | Eligibility: Graduation (Any Stream)

### MBA

(Fashion Design | Textile Design | Interior Design)

Duration: 2 Years | Eligibility: Graduation (Any stream)

**Other Courses Offered** MBBS | MD/MS | GNM (Nursing) | B. Sc. (Nursing) | M. Sc. (Nursing) | D. Pharm.

- Highly Qualified & Professional Faculty
- Practical Exposure at its own 800 Bedded Multi Super speciality Hospital
- Hostel Facility AC/Non AC
- Modern & Highly Equipped Labs, Classrooms
- Wi-Fi Campus & Digital Library
- Govt. Scholarship Available

## PIMS PACIFIC INSTITUTE OF MEDICAL SCIENCES

Ambua Road Umarda, Udaipur (Raj.) 313015 0294-3510000, Mob. 8696440666

admission@saitirupatiuniversity.ac.in www.saitirupatiuniversity.ac.in

स्वत्वाधिकारी प्रकाशक डॉ. तुक्तक भानावत द्वारा 352, कृष्णपुरा, सेंटपॉल स्कूल के पास, उदयपुर – 313001 (राज.) से प्रकाशित एवं मुद्रक लोकेश कुमार आचार्य द्वारा मैसर्स पुकार प्रिंटिंग प्रेस 311–ए, चित्रकूट नगर, भुवाणा, उदयपुर (राज.) से मुद्रित। सम्पादक : रंजना भानावत। फोन : 0294–2429291, मोबाइल – 9414165391, Email : shabdranjanudr@gmail.com, drtuktakbhanawat@gmail.com, सर्व विवादों का न्याय क्षेत्र उदयपुर होगा।